**आयोजन** | विश्वकर्मा समाज की महिलाओं ने मनाया महिला दिवस

# नारी शक्ति ही समाज की है सबसे बड़ी ताकत



**जबलपुर, नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री विश्वकर्मा महिला महासंगठन द्वारा शहर में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज की महिलाओं को सम्मानित करते हुए नारी शक्ति, आत्मसम्मान और एकता का सशक्त संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में महिलाओं का जोश, उत्साह और आत्मविश्वास देखने लायक रहा। समारोह स्थल को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई, महिलाओं की तालियों और उत्साहपूर्ण स्वागत ने पूरे माहौल को ऊर्जावान बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और उसके सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का वास्तविक विकास संभव है।

### तालियों के साथ महिलाओं का अभिनंदन

मंच से महिलाओं के सम्मान में जब नाम पुकारे गए तो उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए समाज में नारी शक्ति की भूमिका को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सभी के सामूहिक प्रयास से यह कार्यक्रम बेहद सफल और यादगार बन गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जब महिलाएं एकजुट होकर आगे बढ़ती हैं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत लहर पैदा होती है।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में अध्यक्ष नम्रता विश्वकर्मा के नेतृत्व में गरिमा, स्वाति, छाया, आभा, पूजा, ज्योति, सीमा, मीरा, सरिता, कृष्णा, उर्मिला, संगीता, विमलेश, रचना, रक्षा, पूनम, भारती, निशा, प्रभा, प्रार्थना, आंचल, सुषमा, श्वेता, गीतांजलि, अभिलाषा सहित सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

### इनका कहना है



विश्वकर्मा समाज की महिलाएं शिक्षा, सामाजिक कार्य और नेतृत्व में आगे बढ़कर नई मिसाल कायम कर रही हैं।

**नम्रता विश्वकर्मा ( अध्यक्ष )**



महिलाओं की एकता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। हर महिला को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

**गरिमा विश्वकर्मा**



इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच पर लाकर उनके आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं।

**स्वाती विश्वकर्मा**



महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं।

**ज्योति विश्वकर्मा**





## महिलाओं को समान अवसर और नेतृत्व से ही राष्ट्र की प्रगति : कुलगुरु

**रादुविवि में महिला दिवस पर महिला शिक्षकों का सम्मान, शॉर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ**

**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी विभाग में महिला शिक्षकों के सम्मान तथा कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब ही संभव है जब महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और नेतृत्व के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए शॉर्ट-टर्म कोर्स तेजी से करियर शुरू करने का बेहतर विकल्प बन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. अलका नायक, प्रो. ममता राव और प्रो. एस.एस. संधु ने लैंगिक संवेदनशीलता, अधिकारों के प्रति जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास को महिला सशक्तिकरण का आधार बताया। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को पहचानना और उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में प्रो. अलका नायक, प्रो. ममता राव, प्रो. मृदुला दुबे, डॉ. जया सिंह, डॉ. आशा रानी, डॉ. प्रीति पेंडसे तथा क्रिस्प की सुश्री इरम नाज का शॉल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्रिस्प भोपाल के सहयोग से 9 से 14 मार्च तक आयोजित कैब ड्राइविंग तथा बेकरी-कन्फेक्शनरी पर 7 दिवसीय शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय 1 एसटीसी में सोमवार को 115वां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पी.बी. पाण्डेय और द्वितीय पाली की उपप्राचार्य सुनीता केशर ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी महिला शिक्षकों को पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा नारी शक्ति को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें खूब सराहा गया। इस अवसर पर उपप्राचार्य सुनीता केशर, मनोज कुमार तिवारी (पीजीटी अंग्रेजी, संदीप पांडे (प्रधानाध्यापक) आदि उपस्थित रहे।

## तकनीक व कृषि में आगे बढ़ने को प्रेरित हुईं महिलाएं

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत कृषक समाज के मार्गदर्शन में किसान सेवा सेना एवं फॉर्मर्स ग्रुप के सहयोग से महिलाओं को तकनीक और उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूरी तरह महिलाओं द्वारा किया गया। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश की प्रथम ड्रोन पायलट सपना काछी तथा जैविक फॉर्मर व फूड प्रोसेसिंग यूनिट संचालिका अर्चना सोनी ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए महिलाओं से घर के साथ-साथ व्यवसाय व तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज के विकास में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के. अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रामकिशन पटेल, प्रीति पटेल, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष मीतू शुक्ला, जितेन्द्र देसी, अर्चना पटेल, छोटी बाई, रेणु कुशवाहा, सुषमा कोरी, पूजा उपाध्याय, रामेश्वर अवस्थी, मनीष सोनी, राजेश पटेल, रामदीन पटेल, महेन्द्र पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं की भागीदारी के बिना कृषि क्षेत्र का विकास असंभव



जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'कृषि विस्तार प्रणाली (केवीके) के माध्यम से कृषि में कार्यरत महिलाओं के सशक्तिकरण की रणनीतियां' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा और अध्यक्षता संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना कृषि क्षेत्र का समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यशाला में कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से महिला किसानों की भागीदारी बढ़ाने तथा उनकी आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ नारी शक्ति का सम्मान



राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अध्यक्षता एवं डॉ. श्रीमती शिरीष जामदार के मुख्य आतिथ्य तथा मेजर बरखा श्रीवास्तव (भारतीय सेना), स्वाति मिश्रा के विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय, जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कर नारी शक्ति के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण को नमन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश सहरावत, क्षेत्रीय आयुक्त-। ने कहा कि कोई भी नया लक्ष्य सामने आता है तो उसका सामना करें, उससे उभरने की कोशिश करें तभी जीवन में सफलता का प्रतिशत बढ़ेगा। मुख्य अतिथि डॉ श्रीमती शिरीष जामदार ने कहा कि महिलाओं को केवल अपने बारे में न सोचते हुए घर, समाज एवं देश के उत्थान के बारे में सोचना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रियंका नामदेव, प्रथम स्थान तथा सुसी एन्टोनी द्वितीय स्थान पर रहीं। सुश्री शिवानी मिश्रा द्वारा मंच संचालन किया गया एवं प्रियंका नामदेव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अंचिता तिवारी, किरण पलावत एवं सुसी एन्टोनी उपस्थित रहे।

## वीयू में जनजातीय महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी, सात महिलाओं का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज सभागार में 'जनजातीय महिला सशक्तिकरण' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में एडवोकेट जनरल जान्हवी पंडित, डॉ. निलांजना पाठक और डॉ. अपूर्वा सोनी ने अपने विचार रखे। कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर ने स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर डॉ. मधु स्वामी ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें लहरी बाई (मिलेट संरक्षण), मुस्कान किरार (अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी), मेघन सिंह (पोल्ट्री उद्यमिता), वंदना अग्रवाल (दुग्ध क्षेत्र), उर्मिला केवट (कुक्कुट व बकरी पालन), विनीता बरकडे (कुक्कुट पालन), भवनी झा (बायोफ्लॉक मत्स्य पालन) तथा निधि कौरव (मत्स्य पालन) शामिल रहीं। कार्यक्रम में अधिष्ठाता सहित प्राध्यापक, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### एक नजर में



## गोविंद गंज रामलीला ने किया रंग पंचमी का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य भारत की सबसे प्राचीन श्री गोविंद गंज रामलीला समिति द्वारा रामलीला प्रांगण के सुहाने भवन में रंग पंचमी पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रंग पंचमी पर्व पर आज सुबह से ही भव्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक, लोक गीत का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रामलीला समिति के पंडित वासुदेव शास्त्री, संरक्षक राकेश डी पी पाठक, पंडित रोहित महाराज, रवि गुप्ता, मनीष पाठक, विजय सरावगी, भजन गायक राकेश पाठक, अरुण दुबे, पिंटू महाराज, मंगू गोयल, पवन पांडेय, किशन अग्रवाल, राजेश पाठक, पियूष विश्वकर्मा, चप्पू गुप्ता,मनोज पाठक, गुलहला मालगुजार,राजेश ठाकुर, दिनेश अग्रवाल, आयुश तिवारी अपनी युवा टीम के साथ, एच एस सुहाने और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर फूलों की होली खेली।



## रंग पंचमी पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वसंत उत्सव, रंगोत्सव और महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अधिवक्ता परिवारों के बीच एक झुकता और सांस्कृतिक उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष ज्योति राय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरा पिछले 3 वर्षों से निरंतर जारी है। उन्होंने कहा यूं तो हम इसे हर साल बसंत पंचमी पर मानते हैं, लेकिन इस बार का विशेष आयोजन रंग पंचमी के साथ सम्मिलित रूप से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ता परिवारों के बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ-साथ उनके परिजनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए कई गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, ज़िला कलेक्टर और पूर्व न्यायाधीश, मप्र उच्च न्यायालय अंजलि पालो मौजूद थी। वही जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष ज्योति राय ने बताया कि आयोजन के दौरान सभी ने सहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे को रंग लगाकर उत्सव मनाया। ज्योति राय ने भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों को और अधिक उत्साह के साथ जारी रखने की उम्मीद जताई है।



## पटवा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान**

**नवभारत,जबलपुर।** पटवा समाज द्वारा होली मिलन समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का संयुक्त कार्यक्रम पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिवनी पटवा-लखेरा समाज के अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह केहरि ने की। इस अवसर पर समाज की महिलाओं श्रीमती प्रेमवती पाटकर, श्रद्धा तारन, दीपा रत्नेरे, सुधा पाटकर, ममता पटवा व मिनी चौहान सहित उपस्थित सभी महिलाओं का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डी.के. रत्नेर, सचिव अभय पाटकर, के.एन. तारन, टी.सी. लखेरा, सी.के. पटवा, पवन पटवा, रितुराज लखेरा, दुर्गेश चौहान, जितेंद्र पाटकर (टीआई), सुबोध पाटकर, विनय पाटकर, तन्मय पाटकर, अमित पटवा, नंदकिशोर पटवा, प्रमोद पाटकर और आनंद पाटकर सहित अनेक समाजजनों का सहयोग रहा। समारोह में बाहर से आए अतिथियों में सिवनी के भूतपूर्व अध्यक्ष सुखराम लखेरा, अनिल पटवा, मदन गोपाल पटवा, पिपरिया के मोतीलाल पटवा तथा बालाघाट सहित अन्य जिलों से आए समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक उत्साह के साथ होली मिलन मनाया और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। अंत में के.एल. तारन ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।



## वृंदावन बने प्रदेश अध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** संगठन की राष्ट्रीय कार्य समिति की अनुशंसा पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं कुशवाहा समाज के सक्रिय नेतृत्वकर्ता वृंदावन वर्मा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज के अनेक वरिष्ठजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने वृंदावन वर्मा को उनके निवास पर पहुँचकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।



## रादुविवि एवं उन्नत किसान के बीच एमओयू साइन

**नवभारत,जबलपुर।** कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की उपस्थिति में सोमवार को प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं उन्नत किसान शुभेंद्र अवस्थी बंदर कोला बस्ती, तहसील बरगी, जिला-जबलपुर के बीच समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षर किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थियों को कृषिगत ज्ञान अर्जन के लिए जहां विद्यार्थी समय समय पर जाकर कृषिगत कार्य जैसे फसलों की उन्नत प्रजातियां, खेती की तैयारी, बीजोपचार, बोनी प्रबंधन, पोषण प्रबंधन, जल प्रबंधन, निदा प्रबंधन, पौध संरक्षण आदि विषयों पर विद्यार्थी व्यवहारिक ज्ञान, उन्नत किसान शुभेंद्र अवस्थी के कृषि फार्म में जाकर सीखेंगे। इस अवसर पर विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, वित्त नियंत्रक सुरेश कतिया, प्रो. एम.एल. केवट, डॉक्टर अपर्णा अवस्थी आदि उपस्थित थे।

**तैयारियां** | ईद की खरीदारी से बढ़ी रौनक, सेवइयां-इत्र-कपड़ों की दुकानों पर लगी भीड़

# रमजान के अंतिम दिनों में गुलजार हुआ मीना बाजार



**नवभारत,जबलपुर।** रमज़ान शरीफ के अंतिम दिनों के साथ शहर का पारंपरिक मीना बाजार पूरी तरह गुलजार हो गया है। मिलौनीगंज मछली मार्केट, चार खंबा, बहोराबाग से लेकर रज़ा चौक तक लगने वाले इस बाजार में सुबह से ही खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। दोपहर से शुरू होने वाला बाजार तरावीह की नमाज़ के बाद और भी ज्यादा रौनकदार हो जाता है।

ईद की तैयारियों के चलते खासतौर पर महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इतिहास की दृष्टि से भी मीना बाजार की परंपरा काफी पुरानी मानी जाती है। मुगल काल में आगरा और दिल्ली में भी ऐसे बाजार लगते थे। जबलपुर में यह बाजार शहर की गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक बनकर आज भी कायम है।

### लजीज व्यंजनों के स्टॉल कर रहे आकर्षित

बाजार में मीठी सेवइयाँ, खुशबूदार इत्र, रंग-बिरंगे सलवार-सूट, कुर्ता-पायजामा सहित बच्चों और बुज़ुर्गों की जरूरत की सभी वस्तुएँ उपलब्ध हैं। साथ ही लज़ीज़ व्यंजनों के स्टॉल भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मीना बाजार में देश-विदेश से आए उत्पादों के साथ स्थानीय हस्तशिल्प की दुकानों ने खरीदारी को और आकर्षक बना दिया है। आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### भीड़ नियंत्रित करने किए इंतजाम

व्यवस्थाओं को लेकर मदनी मिल्लत सेवा समिति के सरपरस्त मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल और उनके साथियों ने पानी की व्यवस्था तथा स्पीकर के माध्यम से भीड़ नियंत्रण के इंतजाम किए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है, वहीं मुस्लिम समाज ने पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस बल तैनात करने की मांग भी की है।



## कचहरी वाले बाबा साहब की दरगाह में रोजा अफ्तार आज

हाईकोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (कचहरी वाले बाबा साहब) की दरगाह में आज 20वें रोज़े के मौके पर मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश की सरपरस्ती में विशाल रोज़ा अफ़्तार का एहतमाम किया गया है। दरगाह के सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने तमाम रोज़ेदारों से रोज़ा अफ़्तार में शिरकत करने की गुज़ारिश की है।